# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 04 सितंबर, 2021

## आयुष आपके द्वार" अभियान

**आयुष मंत्रालय** द्वारा देश भर में 45 से अधिक स्थानों पर "**आयुष आपके द्वार**" अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान की शुरुआत आयुष भवन में कर्मचारियों को औषधीय पौधे वितरित कर की गई। इस अभियान की शुरूआत से जुड़ी गतिविधियों में कुल 21 राज्य भाग ले रहे हैं और इस दौरान दो लाख से अधिक पौधे वितरित किये जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य एक वर्ष में देश भर के 75 लाख घरों में औषधीय पौधे वितरित करना है। इन औषधीय पौधों में तेजपत्ता, स्टीविया, अशोक, जटामांसी, गिलोय/गुडुची, अश्वगंधा, कुमारी, शतावरी, लेमनग्रास, गुग्गुल, तुलसी, सर्पगंधा, कालमेघ, ब्राह्मी और आँवला शामिल हैं। '**आज़ादी का अमृत महोत्सव**' के तहत वाई-ब्रेक एप की शुरुआत, रोगनिरोधी आयुष दवाओं के वितरण सहित कई अन्य कार्यक्रम पहले ही शुरू किये जा चुके हैं।

## न्यूज़ऑनएयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम की वैश्विक रैंकिंग

विश्व स्तर पर (भारत को छोड़कर) शीर्ष **ऑल इंडिया रेडियो** (AIR) स्ट्रीम की रैंकिंग में बड़े बदलाव आए हैं। विश्व स्तर पर भारत को छोड़कर शीर्ष देशों की नवीनतम रैंकिंग में न्यूज़ऑनएयर एप पर ऑल इंडिया रेडियो लाइव-स्ट्रीम सबसे लोकप्रिय है। न्यूज़ीलैंड ने जर्मनी को पीछे छोड़कर 8वाँ स्थान हासिल किया है, जबकि इंग्लैंड ने फिजी को चौथे स्थान पर खिसकाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। ऑल इंडिया रेडियो की 240 से अधिक रेडियो सेवाओं का न्यूज़ऑनएयर एप, प्रसार भारती के आधिकारिक एप पर लाइव-स्ट्रीम किया जाता है। न्यूज़ऑनएयर एप पर ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम के न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर 85 से अधिक देशों और वैश्विक स्तर पर 8000 शहरों में बड़ी संख्या में श्रोता हैं।

## डन एंड ब्रैडस्ट्रीट - कॉरपोरेट अवार्ड 2021

एसजेवीएन को प्रतिष्ठित **डन एंड ब्रैडस्ट्रीट- कॉरपोरेट अवार्ड 2021** से सम्मानित किया गया है, यह पुरस्कार उसे बेस्ट ग्रोथ परफॉर्मेंस-पावर की श्रेणी में प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार वर्चुअल सम्मेलन के माध्यम से प्रदान किया गया है, जिसका शीर्षक '**भारत की शीर्ष 500 कंपनियाँ 2021**' था। एसजेवीएन के पास वर्तमान में लगभग 10,000 मेगावाट की 31 परियोजनाओं का मज़बूत पोर्टफोलियो है। इस कार्यक्रम की**थीम** '**लैइंग द फाउंडेशन फॉर एन ईएसजी-रेडी कॉरपोरेट इंडिया**' थी। इस कार्यक्रम में भारत की शीर्ष 500 कंपनियाँ वर्ष 2021 के प्रकाशन के डिजिटल लॉन्च को भी शामिल किया गया। पिछले दो दशकों से भी ज़्यादा समय से **डन एंड ब्रैडस्ट्रीट** भारत की शीर्ष 500 कंपनियों की सूची तैयार कर रहा है, जो भारत के कॉरपोरेट जगत के लीडरों और भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रेरक शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। इन वर्षों में प्रकाशन ने सबसे विश्वसनीय और व्यापक संग्रह तथा भारत के व्यापक कॉरपोरेट जगत की सबसे सटीक रैंकिंग में से एक होने की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

## एम. मोहम्मद अब्दुल्ला

तमिलनाडु में एम. मोहम्मद अब्दुल्ला को राज्यसभा के लिये निर्वाचित किया गया है। यह सीट इस वर्ष आल इंडिया अन्ना डीएमके पार्टी के सांसद ए. मोहम्मदजान के निधन के कारण रिक्त हुई थी। इस सीट के लिये उपचुनाव 13 सितंबर को कराया जाना था लेकिन कोई और उम्मीदवार नहीं होने के कारण मोहम्मद अब्दुल्ला को चुनाव किये बिना ही नामांकित कर दिया गया। श्री अब्दुल्ला पुदुक्कोट्टई ज़िले के तिरुमैयम के निवासी हैं। वे पहले पार्टी की युवा इकाई के पदाधिकारी थे। उन्हें इस वर्ष जनवरी में पार्टी की एन.आर.आई. विंग का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-september-2021